पत्रांक–भवन / स्था0–2ए–विविध–05 / 2026..... / 9796(7)

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

नीरज कुमार,
सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

सभी अभियंता प्रमुख (विद्युत सहित),
सभी मुख्य अभियंता (विद्युत सहित),
सभी अधीक्षण अभियंता (विद्युत सहित),
सभी कार्यपालक अभियंता (विद्युत सहित),
भवन निर्माण विभाग, बिहार।

पटना, दिनांक– 15/10/26

विषयः आम नागरिकों द्वारा प्राप्त सुझावों एवं शिकायतों को 24 घंटे के अंदर CM QRT के माध्यम से निष्पादित कराने के संबंध में।

प्रसंगः मुख्यमंत्री सचिवालय का पत्रांक–D2026108302, दिनांक–05.10.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र(छायाप्रति संलग्न) का निदेशानुसार कृपया संदर्भ करें। राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के सेवा वितरण तंत्र एवं सार्वजनिक सुविधाओं से संबंधित आम नागरिकों के सुझावों एवं शिकायतों को 24 घंटे के अंदर निष्पादित करते हुए प्रतिवेदन CM Quick Response Team (CM QRT) मुख्यमंत्री सचिवालय को उपलब्ध कराने का निदेश है।

अतः अनुरोध है कि आपके कार्यालय से संबंधित आम नागरिकों के सुझावों एवं शिकायतों को 24 घंटे के अंदर निष्पादित करते हुए प्रतिवेदन CM Quick Response Team (CM QRT) मुख्यमंत्री सचिवालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

अनु० – यथोक्त।

विश्वासभाजन

Neeraj 15/10/2026

(नीरज कुमार)
सरकार के अवर सचिव।

(33)

पत्र संख्या- स्था०-40/2026- D2026108302 /मु०म०स०

बिहार सरकार,
मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेषक,

लोकेश कुमार सिंह
सचिव।

सेवा में,

सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव
सभी जिला पदाधिकारी,
सभी वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक
बिहार सरकार।

पटना, दिनांक 05·10·2026

विषयः— आम नागरिकों द्वारा प्राप्त सुझावों एवं शिकायतों को 24 घंटे के अन्दर CM QRT के माध्यम से निष्पादित कराने के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है कि राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के सेवा वितरण तंत्र एवं सार्वजनिक सुविधाओं से संबंधित विषयों पर ध्यान आकृष्ट करने हेतु आम नागरिकों द्वारा समय–समय पर विभिन्न स्रोतों से कतिपय सुझाव तथा शिकायतें प्राप्त होती हैं। कतिपय मामलों में प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट होता है कि इन शिकायतों का निष्पादन अविलम्ब किया जा सकता है। इस हेतु मुख्यमंत्री सचिवालय के स्तर पर **CM Quick Response Team (CM QRT)** का गठन किया गया है।

CM Quick Response Team (CM QRT) का दायित्व है कि विभिन्न स्रोतों से प्राप्त सुझावों एवं शिकायतों से संबंधित पोस्ट का संकलन कर उसी दिन संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष एवं संबंधित जिला के जिला अधिकारी/वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक से दूरभाष पर वार्ता कर आम नागरिकों से प्राप्त शिकायतों का निष्पादन 24 घंटों के अन्दर करायेंगे।

इस संबंध में **CM Quick Response Team (CM QRT)** के श्री कुमार ओमकेश्वर, उप सचिव (मो०–8757286062) एवं श्री नितीश चंद्र धारिया, पुलिस उपाधीक्षक (मो०–9708719488) से समन्वय स्थापित कर प्राप्त शिकायतों का निष्पादन करेंगे।

अतः अनुरोध है आपके विभाग एवं जिला से संबंधित आम नागरिकों के सुझावों एवं शिकायतों को 24 घंटे के अन्दर निष्पादित करते हुए प्रतिवेदन **CM Quick Response Team (CM QRT)** मुख्यमंत्री सचिवालय को उपलब्ध कराने की कृपा करेंगे।

विश्वासभाजन

(लोकेश कुमार सिंह)
सचिव
05/10/2026

दूरभाष संख्या–0612–2217289, 2215047,
2206911, 2215066,
2211324, 2219430